# SBI

## भारतीय स्टेट बैंक

केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग,
कारपोरेट केन्द्र, मुम्बई
(फोनः 022-2282 0427; फैक्सः 022-2282 0411; ई-मेलः crpd@sbi.co.in)

## भारतीय स्टेट बैंक में 554 स्पेशल मैनेजमेंट एक्जेक्यूटिव (एसएमई) – (बैंकिंग) की भर्ती

### विज्ञापन संख्या CRPD/SCO-SME/2017-18/03

### आवेदनों का ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क का भुगतान: 03.05.2017 से 18.05.2017

भारतीय स्टेट बैंक स्पेशल मैनेजमेंट एक्जेक्यूटिव (एसएमई) बैंकिंग के पद पर भर्ती करने के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता हैं। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers/** या **https://www.sbi.co.in/careers** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें। विस्तृत विज्ञापन बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers/** या **https://www.sbi.co.in/careers** पर उपलब्ध है।

**कृपया ध्यान दें**

| | |
|---|---|
| 1. | इस परियोजना के अंतर्गत एक उम्मीदवार मात्र एक पद के लिए ही आवेदन कर सकता/सकती है। |
| 2. | आवेदन के पंजीकरण की प्रक्रिया तभी पूर्ण होगी जब शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि को या उससे पूर्व निर्धारित शुल्क ऑनलाइन माध्यम से बैंक में जमा कर दिया गया हो। |
| 3. | उम्मीदवारों से अनुरोध है कि आवेदन करने से पहले, वे यह सुनिश्चित कर लें कि पात्रता की तिथि को वे संबंधित पद हेतु पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। ऑनलाइन परीक्षा / समूह चर्चा / साक्षात्कार के लिए सूचना दस्तावेजों के सत्यापन के बिना विशुद्ध रूप से अनंतिम होगी। आपकी उम्मीदवारिता साक्षात्कार के समय दस्तावेजों/आवेदन में लिए गए विवरणों की सत्यता स्थापित होने पर ही पूर्ण मानी जाएगी। |
| 4. | उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस संबंध में आवश्यक विवरण और अद्यतन जानकारी के लिए बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers/** या **https://www.sbi.co.in/careers** देखें। |

**पदों का ब्योरा**

| पद | श्रेणी | रिक्त-पद | | | | | | | | | 31.03.2017 को आयु | | पात्रता मानदण्ड | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रकार | एससी | एसटी | ओबीसी | सामान्य | कुल | पीडब्ल्यूडी | | | न्यूनतम | अधिकतम | शैक्षणिक योग्यता | (शैक्षणिक योग्यता के पश्चात ) अनुभव 31-03-2017 को |
| | | | | | | | | ओएच | वीआई | एचआई | | | | |
| **पद: स्पेशल मैनेजमेंट एक्जेक्यूटिव (बैंकिंग) – एमएमजीएस – III ग्रेड** | | | | | | | | | | | | | | |
| एसएमई (बैंकिंग) | एमएमजीएस – III | वर्तमान | 30 | 15 | 54 | 101 | 200 | 2 | 2 | 2 | 25 वर्ष | 40 वर्ष | **सीए / आईसीडब्ल्यूए / एसीएस / एमबीए (वित्त) या वित्त में समकक्ष स्नातकोत्तर उपाधि।** (पाठ्यक्रम 2 वर्ष की पूर्णकालीन अवधि का होना चाहिए। पत्राचार / अंशकालिक के माध्यम से पूरा किया पाठ्यक्रम पात्र नहीं हैं। संस्थान सरकार/सरकारी/अनुमोदित निकायों/ AICTE द्वारा मान्यता प्राप्त होनी चाहिए।) | निम्न संस्थानों में एक कार्यपालक के रूप में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव<br>क) एक शेड्यूल्ड वाणिज्यिक बैंक / शेड्यूल्ड वाणिज्यिक बैंक की सहायक या एसोसिएट<br>या<br>ख) सार्वजनिक क्षेत्र / सूचीबद्ध वित्तीय संस्था / कंपनी में अनुभव<br>और<br>इसमें से कॉरपोरेट / एसएमई क्रेडिट में कम से कम 2 वर्ष का अनुभव।<br>क्रेडिट प्रस्तावों के प्रसंस्करण में अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। |
| | | बैकलॉग | 22 | 12 | 39 | -- | 73 | 2 | 2 | -- | | | | |
| | | कुल | 52 | 27 | 93 | 101 | 273 | 4 | 4 | 2 | | | | |
| **पद: स्पेशल मैनेजमेंट एक्जेक्यूटिव (बैंकिंग) – एमएमजीएस – II** | | | | | | | | | | | | | | |
| एसएमई (बैंकिंग) | एमएमजीएस – II | वर्तमान | 37 | 18 | 67 | 128 | 250 | 3 | 2 | 2 | 25 वर्ष | 35 वर्ष | **सीए / आईसीडब्ल्यूए / एसीएस / एमबीए (वित्त) या वित्त में समकक्ष स्नातकोत्तर उपाधि।** (पाठ्यक्रम 2 वर्ष की पूर्णकालीन अवधि का होना चाहिए। पत्राचार / अंशकालिक के माध्यम से पूरा किया पाठ्यक्रम पात्र नहीं हैं। संस्थान सरकार/सरकारी/अनुमोदित निकायों/ AICTE द्वारा मान्यता प्राप्त होनी चाहिए।) | निम्न संस्थानों में एक कार्यपालक के रूप में कम से कम 2 वर्ष का अनुभव<br>क) एक शेड्यूल्ड वाणिज्यिक बैंक / शेड्यूल्ड वाणिज्यिक बैंक की सहायक या एसोसिएट<br>या<br>ख) सार्वजनिक क्षेत्र / सूचीबद्ध वित्तीय संस्था / कंपनी में अनुभव<br>क्रेडिट प्रस्तावों के प्रसंस्करण में अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। |
| | | बैकलॉग | 7 | 7 | 17 | -- | 31 | 2 | 1 | -- | | | | |
| | | कुल | 44 | 25 | 84 | 128 | 281 | 5 | 3 | 2 | | | | |

**संकेताक्षर**
अजा – अनुसूचित जाति
अजजा – अनुसूचित जनजाति
ओबीसी – अन्य पिछड़ा वर्ग
पीडब्ल्यूडी – विकलांगों के साथ व्यक्तियों
ओएच – अस्थि विकलांग
वीआई – दृष्टि बाधित
एचआई – श्रवण बाधित

| स्केल संकेताक्षर | | वेतनमान (₹) |
|---|---|---|
| एमएमजीएस – II | मध्य प्रबंधन ग्रेड स्केल II | 31705-1145/1-32850-1310/10-45950 |
| एमएमजीएस – III | मध्य प्रबंधन ग्रेड स्केल III | 42020-1310/5-48570-1460/2-51490 |

**ध्यान दें:**

1. ओबीसी श्रेणी के, लेकिन क्रीमी लेयर में आने वाले उम्मीदवार ओबीसी आरक्षण तथा उम्र में छूट के पात्र नहीं हैं. उन्हें अपनी श्रेणी 'सामान्य' या सामान्य (ओएच/वीआई/एचआई) जो भी लागू हो लिखनी होगी.
2. सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार के लिए अधिकतम आयु दर्शायी गई है. ऊपरी आयु में छूट नीचे पैरा-1 में दर्शाए गए अनुसार उपलब्ध है.
3. आरक्षित रिक्त पदों सहित ऊपर उल्लेख किए रिक्त पदों की संख्या अनंतिम है तथा बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार बदल सकती है.
4. पीडब्ल्यूडी के लिए आरक्षण समस्तरीय और पद के लिए कुल रिक्त पदों के अंदर हैं।

**1. ऊपरी आयु सीमा में छूट :**

| क्रम संख्या | श्रेणी | आयु में छूट |
|---|---|---|
| 1. | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | 5 वर्ष |
| 2. | अन्य पिछड़े वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) | 3 वर्ष |
| 3. | शारीरिक रूप से अशक्त व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी) | पीडब्ल्यूडी (अजा/अजजा) 15 वर्ष<br>पीडब्ल्यूडी (ओबीसी) 13 वर्ष<br>पीडब्ल्यूडी (सामान्य) 10 वष |
| 4. | आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों (ईसीओ)/ अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों (एसएससीओ) सहित भूतपूर्व सैनिक बशर्ते आवेदनकर्ता ने सैन्य सेवा में लगातार कम से कम 5 वर्ष सेवा की हो और जो निर्दिष्ट कार्यकाल पूरा होने पर सेवामुक्त किए गए हैं (इनमें वे भी शामिल हैं जिनका कार्यकाल आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि से एक वर्ष में पूरा होने वाला हैं) किंतु उनमें वे भूतपूर्व सैनिक शामिल नहीं है जिन्हें कदाचार या अकुशलता या शारीरिक अक्षमता के कारण सेवामुक्त किया गया है अथवा जो सैन्य सेवा से संबंधित अपंगता या अशक्तता के कारण से सेवामुक्त कर दिए गए हों. | 5 वर्ष |
| 5. | वे उम्मीदवार जो 1 जनवरी, 1980 और 31 दिसम्बर 1989 के बीच की अवधि में सामान्यत: जम्मू और कश्मीर राज्य के अधिवासी रहे थे. | 5 वर्ष |

**क) अस्थि विकलांग (ओएच)/ दृष्टि बाधित (वीआई) के लिए टिप्पणी**

ओएच / वीएच उम्मीदवार जो 40% से कम प्रासंगिक विकलांगता से ग्रस्त नहीं हैं, के पास आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की आखिरी तारीख या उससे पहले जारी किए गए केंद्रीय या राज्य सरकार द्वारा विधिवत रूप से गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किए गए विकलांगता प्रमाणपत्र होना चाहिए।

क) केवल ओएच उम्मीदवार जिन्हें चलने में कठिनाई की (लोकोमोटर) विकलांगता अथवा न्यूनतम 40% चलने में कठिनाई की विकलांगता के साथ प्रमस्तिष्क पक्षाघात हों और केवल वहीं जो निम्नलिखित विकलांग वर्गीकरण में आते हैं, पीडब्ल्यूडी (ओएच) के पद के लिए आवेदन करने के पात्र हैं:

एमडब्ल्यू – मांसपेशी की कमजोरी और सीमित शारीरिक धीरज

ओएल – एक पैर प्रभावित (दाहिना या बायां)

बीएल – दोनों पैर प्रभावित किंतु हाथ प्रभावित नहीं

ओए एक हाथ प्रभावित (दाहिना या बायां) – (क) चलने-फिरने में परेशानी; (बी) पकड़ की कमजोरी; (ग) गतिभंग

ख) केवल वे ही दृष्टिहीन विकलांग व्यक्ति आवेदन करने के लिए पात्र हैं, जो निम्नलिखित में से किसी एक स्थिति से ग्रस्त है :

i) दृष्टि का अभाव

ii) दृष्टि क्षमता में दृष्टि सुधारात्मक लेंस के साथ बेहतर आखों में 6/60 अथवा 20/200 (स्नेलेन) से अधिक न हो

iii) दृष्टि के क्षेत्र की सीमा विरुद्ध दिशा में 20 डिग्री के कोण बनाती हो या उससे भी कम.

ग) विकलांग व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार संरक्षण और पूर्ण सहभागिता) अधिनियम, 1995 के अध्याय-1, पैरा 2(यू) में यथा परिभाषित उम्मीदवार, जिनके पास कम दृष्टि है.

घ) श्रवण बाधित: बधिर वे व्यक्ति हैं जिनमें श्रवण क्षमता जीवन के सामान्य उद्देश्यों के लिए गैर-कार्यात्मक है, अर्थात दोनों कानों में श्रवण की कुल हानि। वह परिवर्धित संवाद के ध्वनि को भी सुन या समझ नहीं सकते हो। श्रवण दुर्बलता का अर्थ है बेहतर कान में आवृत्तियों की संवादात्मक श्रेणी में साठ डेसिबल या अधिक का नुकसान।

ङ) ऑनलाइन परीक्षा के समय, केवल नेत्रहीन/कम दृष्टि वाले उम्मीदवार और वे उम्मीदवार जिनकी लेखन गति मस्तिष्क पक्षाघात से प्रभावित होती है, स्वयं की लागत पर स्क्राइब/लेखक का उपयोग कर सकते हैं। ऐसे सभी मामलों में जहां स्क्राइब/लेखक का प्रयोग किया जाता है, निम्नलिखित नियम लागू होंगे:

i) उम्मीदवार को अपने/उसकी लागत पर अपने स्वयं के स्क्राइब/लेखक का प्रबंध करना होगा।

ii) ऑनलाइन परीक्षा के समय निर्धारित प्रारूप में उम्मीदवार को एक योग्य उचित वचन पत्र देना होगा।

iii) नेत्रहिन/कम दृष्टि उम्मीदवार और अन्य उम्मीदवार जिनकी लेखन गति मस्तिष्क पक्षाघात से प्रभावित होती हैं, चाहे वे लेखक की सुविधा का लाभ उठा रहे हों या नहीं को हर घंटे के लिए 20 मिनट और/या इसके भाग के लिए प्रतिपूर्ति समय की अनुमति दी जाएगी।

**2. परिलब्धियाँ:** विभिन्न श्रेणी के लिए लागू वेतनमान ऊपर दिए गए हैं। अधिकारी समय-समय पर लागू नियम के अनुसार डीए, एचआरए और सीसीए के लिए भी पात्र होंगे। मुंबई में सीटीसी आधार पर सालाना मुआवजे एमएमजीएस-II के अधिकारी के लिए ₹13.07 लाख रुपये और एमएमजीएस-III के लिए ₹15.86 लाख रुपये है। इनके अतिरिक्त, अधिकारी निम्न सुविधाओं/फायदों के लिए पात्र हैं:

i) स्वयं के लिए चिकित्सा सहायता (100%) और परिवार के लिए (75%)

ii) पोस्टिंग के स्थान पर या सर्किल के भीतर पट्टे पर आवास। (पट्टे पर आवास के मामले में, एचआरए का भुगतान नहीं किया जाएगा।)

iii) आवास / कार / व्यक्तिगत ऋण के लिए ब्याज दरों में रियायत

**स्मार्ट मुआवजा पैकेज:** चयनित उम्मीदवारों को 'स्मार्ट मुआवजा पैकेज' चुनने का विकल्प होगा जिसमें उपरोक्त वेतन संरचना का सुविधाओं के मौद्रिक मूल्य को जोड़कर, पुनर्गठन किया जाएगा।

| क्रम संख्या | विवरण | एमएमजीएस-II | एमएमजीएस-III |
|---|---|---|---|
| 1 | वेतन पर्ची घटक | विद्यमान | विद्यमान |
| 2 | स्मार्ट मुआवजा पैकेज (प्रति वर्ष) | 2,28,903/- | 2,50,054/- |
| 3 | सेवानिवृत्ति लाभ | विद्यमान | विद्यमान |
| 4 | चिकित्सा | वास्तविक / विद्यमान | वास्तविक / विद्यमान |
| 5. | लीज्ड हाउस निवास / एचआरए | वास्तविक / विद्यमान | वास्तविक / विद्यमान |

एससीपी में मासिक आधार पर प्रतिपूर्तियां शामिल हैं जैसे - सफाई सामग्री, आकस्मिक श्रम, अख़बार, वाहन, मनोरंजन, मोबाइल कॉल शुल्क, फर्नीचर और फिक्स्चर, एफ एंड एफ वार्षिक रखरखाव, मोबाइल हैंडसेट, ब्रीफकेस, यूटिलिटी आइटम और, एलटीसी/एचटीसी।

**3. कैरियर में वृद्धि :** दोनों पदों के लिए परिवीक्षा अवधि शामिल होने की तारीख से 1 वर्ष होगी। सफलतापूर्वक परिवीक्षा की अवधि पूरी करने के बाद, अधिकारियों को उनके संबंधित श्रेणी में स्थायी किया जाएगा और वर्तमान विशेषज्ञ कैडर प्लेसमेंट और पदोन्नति नीति द्वारा शासित होंगे।

परिवीक्षा अवधि सहित पांच साल पूरा होने के बाद अधिकारी सामान्य कैडर में रूपांतरण के लिए विकल्प चुन सकते हैं। जनरल कैडर के रूपांतरण के मामले में, विशेषज्ञ कैडर के अधिकारियों की वरिष्ठता भविष्य की पदोन्नति के लिए सुरक्षित होगी।

**4. चयन प्रक्रिया: उम्मीदवारों का चयन ऑनलाइन वस्तुनिष्ठ परीक्षा, समूह कार्य और / या साक्षात्कार के आधार पर होगा। (*)**

**ऑनलाइन वस्तुनिष्ठ परीक्षा:** उम्मीदवारों को न्यूनतम उत्तीर्ण अंक (जो बैंक द्वारा तय किया जाएगा।) प्राप्त कर प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अर्हता प्राप्त करनी होगी।

**परीक्षा पैटर्न : एमएमजीएस - II ग्रेड**

| वस्तुनिष्ठ परीक्षा: ऑनलाइन | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रम संख्या | परीक्षा का ब्योरा | प्रश्नों की संख्या | अंक | समय |
| 1. | सामान्य / बैंकिंग जागरूकता | 50 | 25 | 120 मिनट |
| 2 | तर्क, डेटा व्याख्या और विश्लेषण | 50 | 50 | |
| 3 | अंग्रेजी | 50 | 25 | |
| 4 | वित्तीय डेटा व्याख्या और विश्लेषण | 50 | 50 | |
| | कुल | 200 | 150 | |

**एमएमजीएस - III ग्रेड**

| वस्तुनिष्ठ परीक्षा: ऑनलाइन | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रम संख्या | परीक्षा का ब्योरा | प्रश्नों की संख्या | अंक | समय |
| 1. | सामान्य / बैंकिंग जागरूकता | 50 | 25 | 120 मिनट |
| 2 | तर्क, डेटा व्याख्या और विश्लेषण | 50 | 50 | |
| 3 | अंग्रेजी | 50 | 25 | |
| 4 | वित्तीय डेटा व्याख्या और विश्लेषण | 50 | 100 | |
| | कुल | 200 | 200 | |

**समूह अभ्यास और/या साक्षात्कार (50) अंक/गुण**

अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों के वस्तुनिष्ठ परीक्षा के अंक मेरिट के अवरोही क्रम में व्यवस्थित किए जाएंगे और प्रत्येक श्रेणी में रिक्त-पदों की संख्या के अधिकतम तीन गुणक उम्मीदवारों को समूह चर्चा और/या साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

समूह चर्चा और/या साक्षात्कार के लिए अर्हता अंक बैंक द्वारा तय किया जाएगा।

*** तथापि, बैंक प्राप्त हुए आवेदनों की संख्या के आधार पर चयन प्रक्रिया को शॉर्टलिस्टिंग और समूह कार्य और / या साक्षात्कार में रूपांतरित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।**

**अंतिम चयन**

उम्मीदवारों को ऑनलाइन परीक्षा और समूह कार्य और साक्षात्कार में अलग-अलग अर्हता प्राप्त करनी होगी।

ऑनलाइन परीक्षा में उम्मीदवारों द्वारा सुरक्षित किए गए अंकों को 75 अंकों में सुव्यवस्थित किया जाएगा और समूह कार्य और / या साक्षात्कार (50 अंक) को 25 अंकों में सुव्यवस्थित किया जाएगा। ऑनलाइन परीक्षा और समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के सुव्यवस्थित अंकों को जोड़ने के बाद अंतिम योग्यता सूची तैयार की जाएगी।

समूह चर्चा और/या साक्षात्कार के लिए चयनित एवं अंतिम चयनित उम्मीदवारों के रोल नंबर बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers/** या **https://www.sbi.co.in/careers** पर उपलब्ध करा दिए जाएंगे। चयनित उम्मीदवारों के रोल नंबर इम्प्लोयमेंट न्यूज़/रोजगार समाचार में भी प्रकाशित किए जाएंगे।

**5. परीक्षा की तारीख: 18-06-2017**

**6. परीक्षा केंद्र:** अहमदाबाद, वडोदरा, बेंगलुरु, मैसूर, भोपाल, इंदौर भुवनेश्वर, संबलपुर, चंडीगढ़, लुधियाना, जम्मू, चेन्नई, मदुराई, गुवाहाटी, डिबरूगढ़, हैदराबाद, विजयवाडा, कोलकाता, आसनसोल, लखनऊ, वाराणसी, मुंबई, नागपुर, दिल्ली, जयपुर, पटना, रांची, कोची, त्रिवेंद्रम

बैंक, किसी भी केंद्र को जोड़ने या हटाने तथा उम्मीदवार द्वारा चुने गए केन्द्र के अलावा अन्य केन्द्र को आबंटित करने का अधिकार सुरक्षित रहता है।

**7. आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार : (वापस न करने योग्य)**

| क्रम संख्या | श्रेणी | कुल |
|---|---|---|
| 1. | अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी | ₹100/- (सूचना प्रभार मात्र) |
| 2 | सामान्य और अन्य | ₹600/- (आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार) |

एक बार भुगतान करने पर शुल्क/सूचना प्रभार न तो वापस किया जाएगा और न ही उस राशि को अन्य किसी परीक्षा या अन्य चयन के लिए रोककर रखा जाएगा

आवेदन शुल्क / सूचना शुल्क के ऑनलाइन भुगतान के लिए बैंक लेनदेन प्रभार उम्मीदवार द्वारा वहन किया जाएगा।

**8. आवेदन कैसे करें :**

विस्तृत दिशा निर्देशों व अ) आवेदन पंजीकरण ब) शुल्क का भुगतान स) फोटो और हस्ताक्षर और स्कैन और अपलोड करने की प्रक्रिया की जानकारी के लिए बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers/** या **https://www.sbi.co.in/careers** पर - भारतीय स्टेट बैंक में स्पेशल मैनेजमेंट एक्जेक्यूटिव (बैंकिंग) की भर्ती का अवलोकन करें।

**9. लिखित परीक्षा के लिए कॉल लेटर्सः**

उम्मीदवार **06.06.2017** के बाद बैंक की वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीयन नंबर एवं पासवर्ड/जन्म दिनांक की प्रविष्टि करके कॉल लेटर और 'एक्वेंट योरसेल्फ' पुस्तिका डाउनलोड करें, **कॉल लेटर/एक्वेंट योरसेल्फ पुस्तिका डाक से नहीं भेजी जाएगी।**

**10. पहचान-पत्र की पुष्टि परीक्षा के समय प्रस्तुत करनी होगीः**

उम्मीदवार अपने साथ एक फोटो पहचान प्रमाण जैसे पासपोर्ट/आधार/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/मतदाता कार्ड की मूल प्रति और उसकी स्वयं सत्यापित फोटोकापी परीक्षा केंद्र पर लेकर आएं. **पहचान-प्रमाण की फोटो कॉपी कॉल लेटर के साथ परीक्षा हॉल में पर्यवेक्षक को देनी होगी, ऐसा न करने पर उम्मीदवार की पहचान पर संदेह होने पर उस उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

**11. कदाचार के दोषी पाए गए उम्मीदवारों के विरुद्ध कार्रवाईः**

उम्मीदवारों को यह चेतावनी दी जाती है कि ऐसा कोई विवरण न दें/संलग्न न करें जो असत्य, जाली/बनावटी हो या आवेदनपत्र भरते समय किसी भी महत्वपूर्ण सूचना को न छिपाएँ.

यदि लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के समय कोई उम्मीदवार निम्नलिखित बातों का दोषी पाया जाता है :

(i) परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करना या (ii) छद्म व्यक्ति बनकर छद्म व्यक्ति द्वारा परीक्षा देना या (iii) परीक्षा हॉल में दुर्व्यवहार करना या प्रश्नपत्र (अथवा उसका कोई भाग)/उत्तर पुस्तिका को परीक्षा हॉल से बाहर ले जाने या (iv) उम्मीदवार के रूप में अपने चयन हेतु किसी अनियमित या अनुचित साधन का सहारा लेना या (v) अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी भी अनुचित साधन की सहायता लेना, तो ऐसे उम्मीदवार के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही तो होगी ही, साथ ही:

अ) जिस परीक्षा में भाग ले रहे होंगे, उसमें उसे अयोग्य घोषित किया जाएगा.

ब) भारतीय स्टेट बैंक द्वारा संचालित भर्ती के लिए किसी भी परीक्षा से स्थायी रूप से या किसी निश्चित अवधि के लिए वंचित कर दिया जाएगा.

12. बैंक उम्मीदवार के जवाबों का परीक्षा में शामिल अन्य उम्मीदवारों के जवाबों के साथ समानता ढूँढने के लिए विश्लेषण करता है. इस विश्लेषण के आधार पर यदि यह पाया गया कि जवाब एक जैसे हैं, और प्राप्त अंक यथार्थ/वैध नहीं है, तो बैंक के पास उम्मीदवारिता रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है.

**13. उम्मीदवारों को मोबाइल फोन, पेजर, कैलक्यूलेटर या ऐसे उपकरण का उपयोग करने की अनुमति नहीं है.**

(i) जहां परीक्षा आयोजित की गयी है, उस परिसर में मोबाइल फोन, पेजर्स या कोई भी संचार उपकरण लाने की अनुमति नहीं है. इन सूचनाओं का पालन न करने वाले उम्मीदवारों की उम्मीदवारित रद्द कर दी जाएगी और भविष्यकालीन परीक्षाओं में शामिल होने की अनुमति न मिलने के साथ-साथ उन पर अनुशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी.

(ii) उम्मीदवारों को उनके हित में यह सूचना दी जाती है कि वे मोबाइल फोन/पेजर्स जैसी निषिद्ध वस्तुएं परीक्षा परिसर में न लाएं क्योंकि इन चीजों के सुरक्षित रखरखाव का आश्वासन नहीं दिया जा सकता.

(iii) उम्मीदवारों को परीक्षा परिसर में कैलक्यूलेटर लाने या उसका उपयोग करने की अनुमति नहीं है.

**14. सामान्य जानकारी:**

i) उम्मीदवारों को आवेदित पद के लिए अपनी पात्रता के बारे में स्वयं संतुष्ट होना चाहिए। बैंक ऑनलाइन आवेदन में प्रस्तुत जानकारी के आधार पर अपेक्षित शुल्क के साथ पदों के लिए आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को परीक्षा में प्रवेश देगा और केवल साक्षात्कार के समय उनकी पात्रता निर्धारित करेगा।

ii) सरकारी/अर्ध-सरकारी कार्यालयों, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थाओं सहित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सेवारत उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से प्राप्त अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें। ऐसा नहीं करने पर उनकी उम्मीदवारित पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें यात्रा भत्ता, यदि कोई हो, जो अन्यथा स्वीकार्य भी है, तो उसका भुगतान नहीं किया जाएगा।

iii) चयन हो जाने के मामले में, ऐसे उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र लेते समय नियोक्ता से प्राप्त कार्य-मुक्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

iv) अ.जा/अ.ज.जा उम्मीदवारों को यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी जाति-प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(v) अ.पि.व. श्रेणी में आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में घोषणापत्र देना होगा कि वह दिनांक 01.04.2017 को क्रीमी लेयर में समाविष्ट नहीं था. 'नॉन क्रीमी लेयर' उल्लिखित ओबीसी प्रमाणपत्र वाले उम्मीदवारों को यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उन्हें दि. 01.04.2017 से साक्षात्कार की तिथि तक जारी किया हुआ प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए.

vi) उम्मीदवारों को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि अंतिम तिथि से काफ़ी पहले ऑनलाइन आवेदन करें और अंतिम तिथि का इंतजार न करें ताकि इंटरनेट पर भारी बोझ या वेबसाइट जाम होने के कारण वेबसाइट पर लॉग इन करने में डिस्कनेक्शन/असमर्थता/विफलता की संभावना से बचा जा सके।

vii) भारतीय स्टेट बैंक के नियंत्रण से परे उपर्युक्त कारणों पर या किसी अन्य कारण से उम्मीदवारों के अंतिम तिथि के अंदर अपने आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

viii) उम्मीदवार एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत न करें. यदि उम्मीदवार एक से अधिक आवेदन करता है, तो केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन मान्य होगा और आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार जो अन्य आवेदनपत्रों के लिए भरा है उसे जब्त किया जाएगा. उम्मीदवार की परीक्षा में और/साक्षात्कार के लिए अनेक बार उपस्थिति/प्रकटन मान्य नहीं होगा और उसकी उम्मीदवारिता रद्द की जाएगी।

ix) परीक्षा के आयोजन के समय कुछ समस्याओं के उत्पन्न होने की संभावना से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता है, जिसका प्रभाव परीक्षा के आयोजन तथा/अथवा परिणामों पर भी पड़ सकता है. ऐसी स्थिति में, ऐसी समस्या को दूर करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा और ऐसे प्रयास में यदि आवश्यक हुआ तो दूसरी परीक्षा का आयोजन करना शामिल है.

x) भर्ती के किसी भी चरण में यह पता चलने पर कि यह उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है तथा/अथवा उसने कोई भी गलत/झूठी जानकारी प्रस्तुत की है या कोई भी तथ्य छुपाया/छुपाएं हैं तो उसकी उम्मीदवारिता रद्द कर दी जाएगी। ये कमियां नियुक्ति के बाद भी पता चलती हैं, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं।

xi) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि सूचनाएं, अर्थात कॉल लेटर/साक्षात्कार सूचना आदि प्राप्त करने के लिए अपना ई-मेल आईडी सक्रिय रखें।

xii) चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति बैंक की आवश्यकता के अनुसार उसके चिकित्सा की दृष्टि से फिट घोषित होने के अध्यधीन रहेगी। ऐसी नियुक्ति बैंक में ऐसे पद के लिए, बैंक में कार्य-ग्रहण करने के समय लागू बैंक के सेवा और आचरण नियमों के तहत होगी।

xiii) सभी मामलों में पात्रता, साक्षात्कार संचालन, अन्य परीक्षा और चयन पर बैंक का निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा। इस संबंध में किसी भी अभ्यावेदन या पत्र-व्यवहार का बैंक द्वारा जवाब नहीं दिया जाएगा।

xiv) इस विज्ञापन तथा/अथवा इसके जवाब में प्राप्त किसी आवेदन से संबंधित किसी भी दावे या विवाद के किसी भी मामले में कानूनी कार्यवाही केवल मुंबई में ही शुरू की जा सकती है और ऐसे कारण/विवाद का निपटान करने का एकमात्र और अनन्य अधिकार केवल मुंबई स्थित न्यायालय/अधिकरण/मंच के पास ही रहेगा।

**किसी भी प्रकार की सिफारिश अयोग्यता मानी जाएगी।**

मुंबई - 400021
दिनांक: 03.05.2017

यह विज्ञापन बैंक की वेबसाइट: **https://bank.sbi/careers/** या **https://www.sbi.co.in/careers** पर भी उपलब्ध है।
बैंक मुद्रण त्रुटियों के लिए जिम्मेदार नहीं है, यदि कोई हो।

**महाप्रबंधक**